# पचास बेड की अनुमति, अस्पताल में भर्ती मिले 250 मरीज

**निरीक्षण** ● स्वास्थ्य विभाग ने की गुड हास्पिटल के खिलाफ कार्रवाई, अस्पताल के रेस्टोरेंट के किचन में भी चल रहा था मरीजों का इलाज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बुरहानपुर** : हमेशा विवादों में रहे गुड हास्पिटल के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को विभागीय अधिकारियों ने अस्पताल का निरीक्षण किया तो पाया कि 50 बेड की अनुमति वाले इस अस्पताल में 250 से ज्यादा मरीज भर्ती हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में कई तरह की कमियां पाए जाने के कारण पहले ही अस्थायी रूप से लाइसेंस निरस्त कर दिया गया था। कमियां पूरी होने तक अस्पताल में मरीजों को भर्ती नहीं करने के लिए भी कहा गया था, लेकिन अस्पताल संचालक ने इस आदेश का भी उल्लंघन किया है।

यहां तक कि टीम को अस्पताल के नीचे संचालित रेस्टोरेंट के किचन तक में मरीज भर्ती मिले। जांच दल के सदस्य डा. नाबिल खान ने बताया कि अस्पताल में जगह कम पड़ने पर पूरे रेस्टोरेंट को अस्थायी वार्ड के रूप में अस्पताल बना दिया गया था, जो



गुड हास्पिटल में भर्ती मरीज और जांच पड़ताल करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। ● नईदुनिया

स्वास्थ्य संबंधी मानकों और अस्पताल संचालन के नियमों के विपरीत है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल कई मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उनका कहना था कि मरीजों की सुरक्षा और बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह किया गया है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि मरीजों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगे भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

**आयुष्मान योजना के तहत किया जा रहा उपचार** : प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बड़ी संख्या में मरीज आयुष्मान भारत योजना के तहत भर्ती किए गए थे।

- स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मरीजों को जिला अस्पताल भेजा
- लाइसेंस पहले से है निरस्त, मरीजों के इलाज का भी मना किया था

अब विभाग यह जांच कर रहा है कि इन मरीजों की भर्ती एवं उपचार की प्रक्रिया शासन के निर्धारित नियमों के अनुरूप थी या नहीं। जांच में यह भी सामने आया है कि अस्पताल में केवल बुरहानपुर ही नहीं बल्कि हरदा, खरगोन, बड़वानी, खंडवा तथा निमाड़ अंचल के अन्य जिलों से भी मरीज भर्ती किए गए थे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अस्पताल संचालक अपने वाहनों के माध्यम से मरीजों को अस्पताल तक लाता था। इनमें अधिकांश मरीज 50 वर्ष से अधिक आयु के बताए जा रहे हैं। जिनमें घुटनों की समस्या से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक है।

**मूल दस्तावेज रखने का आरोप** : कार्रवाई के दौरान अधिकारियों को यह भी पता चला कि अस्पताल प्रबंधन ने भर्ती मरीजों के मूल दस्तावेज अपने पास रखे हुए थे। इन दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई की सूचना मिलते ही अस्पताल के कर्मचारी मरीजों से संबंधित रिकार्ड और दस्तावेजों को हटाने तथा व्यवस्थित करने में जुट गए थे। हालांकि कुछ दस्तावेज मीडिया के हाथ लग गए, जिनमें कथित रूप से आयुष्मान भारत योजना से जुड़े रिकार्ड तथा विभिन्न जांच रिपोर्ट शामिल बताई जा रही हैं। कुछ सुगंधी लैब की जांच रिपोर्ट थीं। विभाग इन दस्तावेजों की भी गहन जांच कर रहा है।

अधिकारियों का कहना है कि अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों, रिकार्ड और दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा, ताकि जांच निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर पूरी हो सके। आरोप सही पाए जाते हैं तो अस्पताल का स्थाई लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर में

### स्वामी रेवानंद महाराज की पुण्यतिथि पर उमड़े अनुयायी

**नेपानगर** : अंबाडा में गुरुवार को स्वामी रेवानंद महाराज की 87वीं पुण्यतिथि पर हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के साथ प्रसादी पाई। पालकी यात्रा के दौरान दादाजी का जयघोष गूंजा। दो दिवसीय कार्यक्रम में बुधवार शाम को डोल-ताशों के साथ कलश व पालकी यात्रा निकाली गई। गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। संपूर्ण रात्रि मंदिर परिसर भजनों से आराधना की। गुरुवार सुबह से महाराज का अभिषेक, पूजन, हवन और भंडारे के कार्यक्रम हुए। ग्रामीणों के अनुसार प्रतिवर्ष दादाजी कि पुण्यतिथि पर हजारों भक्त उमड़ते हैं। इनमें क्षेत्र के अलावा महाराष्ट्र के मनवेल, पुणे और मुंबई से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वर्षों से यहां भक्त आकर निस्वार्थ भावना से सेवा करते है। ग्रामीणों के अनुसार सन् 1939 में यहां समाधि ली थी, जो कि सूर्यपुत्र ताप्ती नदी के तट पर स्थित है। अरुण पाटिल, आत्माराम लाहनू, गोपाल अप्पा, रामदास बेलदार, हरि अप्पा, पांडुरंग चौधरी ग्राम के सैकड़ों लोगों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया।

### सकल हिंदू समाज निकालेगा आक्रोश रैली, बंद का आह्वान

**सनावद.** नगर व आसपास के ग्रामों में लव जिहाद व लैंड जिहाद की बढ़ती घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को सकल हिंदू समाज द्वारा यहां आक्रोश रैली निकाली जाएगी। सकल हिंदू समाज ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का आह्वान भी किया है। रैली दोपहर 3 बजे मुरली मनोहर मंदिर से निकाली जाएगी। यह प्रमुख मार्गों व चौराहों से होकर पुलिस थाने पहुंचेगी। यहां कलेक्टर व एसडीएम के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। सकल हिंदू समाज ने अधिक से अधिक लोगों से आक्रोश रैली में भाग लेने का आह्वान किया है।

### युवती से छेड़छाड़ करने का आरोपित गिरफ्तार

**काटकूट.** ग्राम सालीखेड़ा की युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस चौकी ने केस दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 19 वर्षीय युवती ने माता-पिता के साथ चौकी पहुंचकर दर्ज करवाई शिकायत में बताया कि मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे वह घर में अकेली थी। माता-पिता खेत व छोटा भाई बाजार गया था। इसी दौरान गांव का ही अमन राठौर उसके घर आया व हाथ पकड़ा। पिता के आने पर आरोपित भाग गया। चौकी प्रभारी अजय झा ने बताया शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच की जा रही है।

# महंगाई कम की जाए, विद्यार्थियों को बस किराए में छूट भी दें



साइकिल से ज्ञापन सौंपने जाते युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● नईदुनिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बुरहानपुर** : गुरुवार को युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष ठा. देवेश्वर सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। इसमें महंगाई कम करने और विद्यार्थियों को बस किराए में छूट देने की मांग की गई है।

उन्होंने कहा है कि एक ओर मध्यप्रदेश शासन प्रदेश की जनता को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा करती है, दूसरी ओर प्रदेश की जनता बढ़ती महंगाई की मार से त्रस्त है। प्रदेश में पेट्रोल-डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। जिस कारण आवागमन का किराया भी बढ़ गया है, जिससे विद्यार्थी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। रोजमर्रा के जीवन में लगने वाली आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों से जनता की कमर टूट रही है। शिक्षा व्यवस्था को वसूली सिस्टम से बचाने

- युवा कांग्रेस ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन
- लगातार बढ़ती महंगाई के कारण जनता परेशान है

और विद्यार्थियों के मानसिक तनाव पर अंकुश लगाने के लिए यह ज्ञापन सौंपा जा रहा है।

देवेश्वर सिंह ने कहा कि बुरहानपुर जिला ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। यहां प्रतिदिन हजारों विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्र से शिक्षा अर्जित करने आते हैं। वे आवागमन के लिए सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करते हैं। जिसमें उन्हें अत्यधिक किराया चुकाना पड़ता है। विद्यार्थियों को निर्धारित किराया राशि की 50 प्रतिशत छूट प्रदान की जाए। इस दौरान अर्जुन डीके, अभिषेक जंगाले, सत्तार तड़वी, मनीष चौधरी, सुनील शिरतूरे आदि मौजूद थे।

# चिकित्सकों और कर्मचारियों की कमी, नहीं मिल पा रहा इलाज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बुरहानपुर** : नेपानगर विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए विधायक मंजू दादू ने गत दिवस उप मुख्यमंत्री व लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल से भेंट कर मांग पत्र सौंपा। उन्होंने प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों व स्वास्थ्य अमले की कमी दूर करने की मांग की। साथ ही धूलकोट स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन सहित कई मांगें की हैं।

विधायक मंजू दादू ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के कई प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के रिक्त पद होने से ग्रामीणों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त चिकित्सकीय एवं स्वास्थ्य अमले की पद स्थापना करने की मांग की। जिससे ग्रामीणों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके।

**धूलकोट स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन पर दिया जोर** : विधायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धूलकोट को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नत करने तथा वहां एमबीबीएस और एमडी चिकित्सकों की पदस्थापना का आग्रह भी उप मुख्यमंत्री से किया। उन्होंने बताया कि इससे धूलकोट सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बड़ी आबादी को विशेषज्ञ




- नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का मामला
- विधायक मंजू दादू ने स्वास्थ्य मंत्री से भेंट कर सौंपा मांग पत्र

स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और गंभीर मरीजों को उपचार के लिए दूर.दराज के अस्पतालों की ओर नहीं जाना पड़ेगा।

**अंतिम छोर तक पहुंचाना है स्वास्थ्य सेवाएं** : विधायक दादू ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। अस्पतालों में पर्याप्त डाक्टर, स्वास्थ्य कर्मी और आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने से आम नागरिकों को समय पर उपचार मिलेगा तथा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर निर्णय लेने का भरोसा दिलाया है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग मनावर**

क्रमांक / 1985/निविदा/व.ले.लि./ ग्रायांसे / 2026 मनावर, दिनांक 06.07.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2026-27**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से निर्माण कार्यो की निविदायें सिस्टम टेण्डर नम्बर 2026_RES_518947 अंतर्गत 01 निमार्ण कार्य की निविदा प्रपत्र एपेडिंक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभ तिथि 13/07/2026 समय 13:00 बजे से तथा ऑनलाईन निविदा दर प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि 14/07/2026 समय 10:00 बजे एवं ऑनलाईन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20/07/2026 समय 10:00 बजे तक। वित्तीय आफर दिनांक 21/07/2026 को इस कार्यालय में खोले जावेगें। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु विस्तृत निविदा व अन्य विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर एवं कार्यालयीन समय में इस कार्यालय में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग मनावर

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

जी-15384/26



**कार्यालय प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस**
**श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)**

ए.बी. रोड, भंवरकुँआ चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) 452017 फोन/फेक्स 0731-2460579
Website: www.sabvgacc.in, E-mail: principalgaccindore@rediffmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)**

श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इन्दौर में परिसर की सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ सफाई (हाउसकिपिंग) हेतु योग्य एजेंसियों से लाइसेंस सहित टू बिड सिस्टम (टेक्निकल और फाइनेंशियल) के तहत ऑनलाइन बिड मंगाई जाती हैं। टेंडर के डिटेल्ड डॉक्यूमेंट्स, नियम और शर्तों के साथ महाविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट, www.sabvgacc.in एवं सरकारी ई-टेंडर पोर्टल www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं। टेंडर और उससे जुड़े सभी डिटेल्स और किसी भी बदलाव की जानकारी केवल ऊपर दी गई वेबसाइटों पर ही दिखाई जाएगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | टेण्डर रिफरेन्स नम्बर | ई.एम.डी |
|---|---|---|---|
| 1 | हाउसकिपिंग (महाविद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था) | 1988/2026 | 100000/- |
| 2 | महाविद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था | 1987/2026 | 100000/- |

अनुबंध अवधि : 01 वर्ष (संतोषजनक कार्य होने की दशा में आगामी अवधि तक बढ़ाया जा सकता है)

प्रभारी अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री अटल बिहारी वाजपेयी
शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर


# विधायक ने नेपानगर में सात विकास कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण

**नईदुनिया न्यूज, नेपानगर** : विधायक मंजू दादू के प्रयास से तीन गांवों में एक करोड़ 41 लाख रुपये की लागत के सात विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनका भूमिपूजन एवं लोकार्पण गुरुवार को किया गया। इनमें ग्राम झिरपांजरिया में 7.84 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी रोड, 14.92 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुलिया तथा 12 लाख रुपये की लागत से निर्मित एक अन्य सीसी रोड का लोकार्पण शामिल था। इन कार्यों से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी।

इसी तरह ग्राम पंचायत परतकुंडिया में 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक मंगल भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। ग्रामीणों ने कहा कि भवन बनने से सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ग्राम पंचायत हरदा में मंजू दादू ने 12.35 लाख रुपये से बनने वाली पुलिया एवं 4.30 लाख रुपये की से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया। साथ ही 25 लाख रुपये से निर्मित सामुदायिक मंगल भवन का लोकार्पण भी किया। इन कार्यों से गांव में आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी तथा ग्रामीणों को सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा।

**विकास को मिल रही नई गति** : विधायक मंजू दादू ने कहा कि मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि नेपानगर विधानसभा के प्रत्येक गांव में सड़क, पुलिया, भवन, पेयजल, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए नए कार्य स्वीकृत कराए जाते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि लगातार स्वीकृत हो रहे विकास कार्य जनता के विश्वास और प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी सोच का परिणाम है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष सुभान सिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोविंद बरडे, धूलकोट मंडल अध्यक्ष राजेश चारण, मंडल महामंत्री मनोज दंगोडे आदि मौजूद थे



भूमिपूजन और लोकार्पण करतीं विधायक मंजू दादू व ग्रामीण। ● नईदुनिया

### खंडहर सुविधाघर को तोड़ने के लिए सीएम हेल्पलाइन में करेंगे शिकायत

**नेपानगर** : शिवाजी नगर वार्ड में स्थित सार्वजनिक शौचालय को तोड़ने को लेकर स्थानीय नागरिक लंबे समय से मांग कर रहे हैं। समस्या को लेकर कलेक्टर, नगर पालिका में लिखित शिकायत करने पर भी कार्रवाई नहीं की गई। अब लोग सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने पर विचार कर रहे हैं। वार्ड वासियों की मांग है कि अनुपयोगी शौचालय को तोड़ा जाए। उसके स्थान पर पार्क बने य जमीन समतल हो। खंडहर बन चुके शौचालय पर असामाजिक तत्व आकर गंदगी फैला रहे हैं। जिससे वार्ड में गंदगी और बदबू के साथ बीमारी बढ़ने का खतरा बना हुआ है। शीघ्र निदान नहीं होता है तो वे अब सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करेंगे।

# मांडवा के सरपंच और सचिव पर लाखों रुपये के गबन का लगाया आरोप

**नेपानगर** : ग्राम पंचायत मांडवा के सरपंच व सचिव पर फर्जी बिल लगाकर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगा है। यह शिकायत लेकर ग्रामीण जनसुनवाई में पहुंचे थे। साथ ही खकनार जनपद में भी शिकायत दर्ज कराई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री को भी लिखित शिकायत कर जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

उप सरपंच सुनील सोलंकी, दितिया, रेमा नान सिंग व अन्य ने आरोप लगाया कि सरपंच तुलसीराम अलावे व सचिव सुनील महाजन द्वारा ग्राम में विकास के नाम पर फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपयों का गबन किया है। ग्रामीणों ने इसके बिल भी अफसरों को उपलब्ध कराए हैं। पूर्व में भी सरपंच अलावे और पूर्व सचिव सुनील पटेल ने मिलीभगत कर फर्जी बिल लगा कर गबन किया था। तब उच्च स्तरीय जांच के बाद सरपंच और सचिव पर एफआइआर दर्ज कर जेल भेजा गया था। सरपंच अलावे को पद से हटा दिया गया था, लेकिन राजनीतिक पकड़ के कारण वह फिर से सरपंच पद पर काबिज होकर वर्तमान सचिव महाजन के साथ मिलीभगत कर भ्रष्टाचार कर रहा है।


**नईदुनिया**
**जाहिर सूचना विज्ञापन दर**

| विज्ञापन साइज | इंदौर | ग्रेटर इंदौर |
|---|---|---|
| 4x6 | ₹ 5000 | ₹ 6000 |
| 4x9 | ₹ 7000 | ₹ 8000 |
| 4x12 | ₹ 11000 | ₹ 12000 |

**जाहिर सूचना विज्ञापन दर प्रति स्के. सेमी.**
इंदौर ₹ 300/- प्रति स्के. सेमी.
ग्रेटर इंदौर ₹ 400/- प्रति स्के. सेमी.
*जीएसटी अतिरिक्त, नियम एवं शर्तें लागू
बुकिंग हेतु संपर्क करें
9109165972, 9340580409, 0731-4711114/115/119



**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति बुरहानपुर जिला बुरहानपुर (म.प्र.)**

क्रमांक / मण्डी / निर्माण/2026-27/483 बुरहानपुर दिनांक 09/07/2026

**बी.ओ.टी. तौल कांटा हेतु (द्वितीय) निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति बुरहानपुर द्वारा ई-बिडिंग / टेंडर कम ऑक्शन प्रणाली के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट, आपरेट एण्ड ट्रान्सफर (बी.ओ.टी) आधार पर 50 सह 10 मीट्रिक टन (दो प्लेट युक्त) तौलकांटा स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर सिस्टम निविदाएँ क्रमांक 2026_MPSAM_518361_1 और 2026_MPSAM_518359_1 के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएँ दिनांक 31/07/2026 सांय 5:30 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई निविदा के पोर्टल http//www.mptenders.gov.in/nicgep/app पर प्राप्त होगी, एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल http//www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।
नोटः- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबधीत किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जावेगा।

सचिव
कृषि उपज मडी समिति, बुरहानपुर
जिला बुरहानपुर (म.प्र.)

भारसाधक
कृषि उपज मडी समिति, बुरहानपुर
जिला बुरहानपुर (म.प्र.)



**म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, ए-2/2, एम.आय.जी., महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र.), मोबा. 9406808103
E-mail : mpphcl_ujjain@yahoo.in
क्र. 1202/पय/मप्रपुआअविनि/26/उज्जैन दिनांक : 08.07.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 12/2026-27**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक-12/2026-27 दिनांक 08.07.2026 के अंतर्गत जिला मंदसौर एवं उज्जैन में विभिन्न मरम्मत एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2026_MPPHC_519859, 2026_MPPHC_519860, 2026_MPPHC_519861, 2026_MPPHC_519864 आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 23.07.2026 17.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं।
विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in**पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यसम/126794/2026 परियोजना यंत्री



**MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Office of The Addl. C.E. (P&W), Shree Singaji Thermal Power Project
Dongalia, Distt. Khandwa (M.P.), E-Mail ID : sepnw.sstpp1@gmail.com
Website : www.mppgcl.mp.gov.in
No. 515-1700/SSTPP/MPPGCL/P&W/2808 Date : 08.07.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER**

| Tender Particulars/Tender Number | Estimated Cost (Rs.) (Including GST) | EMD & Tender Cost in Rs. | Due Date & Time for Closing Online Submission |
|---|---|---|---|
| Procurement of Cast Basalt bends and pipes with flange for AHP, 2x600 MW, SSTPP, MPPGCL, Dongalia. **(T-2026_MPPGC_511300_1)** | Rs. 44,60,831/- (Including G.S.T.) | 89,200/- & 1000/- | 31.07.2026 Up to 15:30 hrs. |

For extension & other details, the bidders are requested to please visit e-portal of GoMP at **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/126782/2026 // SAVE ELECTRICITY // SE (P&W)



**बैंक ऑफ़ इंडिया**
आंचलिक कार्यालयः खंडवा अंचल
पं. माखनलाल चतुर्वेदी मार्ग, आनंद नगर, खंडवा (म.प्र.) 450001

**ई-निलामी द्वारा वाहन विक्रय सूचना**
**(ई-नीलामी तिथि 28.07.2026, प्रातः 11.00 बजे से 5.00 शाम बजे तक)**

हमारी शाखा द्वारा जप्त किये एवं वाहनों का जैसे है जहां है के आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है:-

| क्र. | शाखा का नाम एवं उधारकर्ता का नाम | वाहन का विवरण | आरक्षित मूल्य (लाख रू में) ईएमडी (लाख रू में) |
|---|---|---|---|
| 1 | शाखा खालवा शिवानी लौवंशी पुत्री श्री विशाल लौवंशी | BAJAJ PULSAR 125 MP 12 ZD 2202 - (2023) | Rs. 50,400/- Rs. 5,040/- |
| 2 | शाखा खकनार सरस्वती रामदुलारे पत्नि श्री रामदुलारे | SOLIS INT. TRACTR MP 68 A 4996 - (2022) | Rs. 2,88,000/- Rs. 28,800/- |
| 3 | शाखा खारकलां रमेश यादव पुत्र श्री राधेश्याम यादव | NEW HOLLAND TRACTORS NHT FORD 3230 MP 12 AB 4363 - (2010) | Rs. 1,30,500/- Rs. 13,050/- |

**बोलीवृद्धि राशि रू 10,000.00**

**ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें :** 1. नीलामी बिक्री / बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेक्साइट https://baanknet.com में जाकर देख सकते हैं। 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4 सर्वाधिक/ सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रह कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृता , सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं को वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. चल सम्पति का जैसा है, जहाँ है एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। 8, अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक में बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिकी की स्थागित करने, टालने रद करने अथवा बिकी की नियम व शर्तो को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है। 9 सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, देयक वहन करना होगा। 10 देय राशि ब्याज और अन्य शुल्को को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संसाधन, त्रुटि सुधार, शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक बोलीकर्ता नियमित रूप से उपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छक बोलीकर्ता को यूजर आईडी व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आईडी अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फर्मे में उक्त बोली राशि में न्यूनतन एकबोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोतरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थागित किया जायेगा। 15. एकल बोलीदाता के मामले में प्राधिकृत अधिकारी यह सुनिश्चित करें, उक्त बोलीदाता ने एक मूल्य ...... किया है जो आरक्षित मूल्य से अधिक है, हल किया गया। इस शर्त का अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।

स्थान: खण्डवा
दिनांक: 10.07.2026
अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया